# रात्रि प्रकाश प्रदूषण और अल्ज़ाइमर

**स्रोत: इंडियन एक्सप्रेस**

## चर्चा में क्यों?

**फ्रंटियर्स इन न्यूरोसाइंस** में प्रकाशित एक अध्ययन के अनुसार **रात्रि प्रकाश प्रदूषण** और अल्ज़ाइमर के बीच संबंध होता है।

- रात में प्रकाश के संपर्क में आने से **प्राकृतिक सरकैडियन लय और नींद बाधित होती है** जिससे अल्ज़ाइमर रोग की संभावना बढ़ जाती है।

## प्रकाश प्रदूषण:

- प्रकाश प्रदूषण से तात्पर्य **कृत्रिम प्रकाश के अत्यधिक या अनुचित उपयोग से है** जो मानव स्वास्थ्य, वन्य जीव और जलवायु के लिये प्रमुख पर्यावरणीय खतरा है।

## अल्ज़ाइमर रोग क्या है?

- **परिचय:**
    - अल्ज़ाइमर रोग एक **प्रगतिशील न्यूरोडीजनरेटिव विकार है** जो **मस्तिष्क को प्रभावित करता है, जिसके परिणामस्वरूप स्मृति हानि, संज्ञानात्मक हानि,** व्यवहार में परिवर्तन, बोलने या लिखने में समस्या, अनुचित निर्णय, मनोदशा और व्यक्तित्व में परिवर्तन, समय या स्थान के बारे में भ्रम आदि होता है।
    - इसमें **मस्तिष्क में पट्टिकाओं का निर्माण** तथा स्मृति के भंडारण और प्रसंस्करण से संबंधित कुछ न्यूरॉन्स में विकार होना शामिल है।
    - **अल्ज़ाइमर रोग डिमेंशिया का** सबसे आम कारण है, जो **डिमेंशिया के 60-80% मामलों के लिये ज़िम्मेदार है।**
- **कारण और जोखिम कारक:** वर्तमान में अल्ज़ाइमर के कारण पूरी तरह से ज्ञात नहीं हैं फिर भी **अल्ज़ाइमर हेतु निम्नलिखित कारक उत्तरदायी हैं:**
    - **आयु:** बढ़ती उम्र प्राथमिक कारक है तथा **अधिकांश मामले 65 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्तियों में होते हैं।**
    - **आनुवंशिकी:** कुछ जीन उत्परिवर्तनों से अल्ज़ाइमर विकसित होने का खतरा बढ़ सकता है।
    - **एमिलॉयड प्रोटीन:** ऐसा माना जाता है कि अल्ज़ाइमर रोग मस्तिष्क कोशिकाओं में और उसके आसपास प्रोटीन के असामान्य निर्माण के कारण होता है।
        - इसमें शामिल प्रोटीनों में से एक को एमिलॉयड कहा जाता है,**जिसके संग्रहण से मस्तिष्क कोशिकाओं के चारों ओर पट्टिकाएँ बनती हैं**।
    - **जीवनशैली कारक: हृदय रोग, मधुमेह, मोटापा, धूम्रपान और गतिहीन जीवनशैली** जैसी दीर्घकालिक बीमारियाँ इसके जोखिम को बढ़ा सकती हैं।
- **निदान:**
    - स्मृति, चिंतन और समस्या समाधान क्षमताओं का आकलन करने के लिये संज्ञानात्मक और तंत्रिका-मनोवैज्ञानिक परीक्षण।
    - मस्तिष्क में परिवर्तन की पहचान करने के लिये इमेजिंग तकनीकें (MRI, PET स्कैन)।
    - एमिलॉयड पट्टिकाओं का पता लगाने के लिये **बायोमार्कर परीक्षण (एमिलॉयड PET)।**
- **उपचार और प्रबंधन:**
    - वर्तमान में **अल्ज़ाइमर रोग का कोई इलाज नहीं है।** लेकिन ऐसी दवाएँ और सहायक उपचार उपलब्ध हैं जो लक्षणों को अस्थायी रूप से कम कर सकते हैं।
- **व्यापकता:**
    - **विश्व स्वास्थ्य संगठन के** 2023 के अनुमान के अनुसार **विश्वभर में 55 मिलियन से अधिक व्यक्ति डिमेंशिया** से प्रभावित हैं जिनमें से **लगभग 75%** मामले अल्ज़ाइमर के हैं।
    - **भारत में अनुमानतः 3 से 9 मिलियन लोग** इस रोग से प्रभावित हैं तथा देश की जनसंख्या बढ़ने के साथ-साथ यह आँकड़ा बढ़ने की आशा है।

**नोट:**

- **डिमेंशिया:** यह **एक सिंड्रोम है**- जो आमतौर पर दीर्घकालिक या प्रगतिशील प्रकृति का होता है- जो **संज्ञानात्मक कार्य** (अर्थात विचार करने की क्षमता) में कमी लाता है।
  - यह स्मृति, चिंतन, अभिविन्यास, समझ, गणना, सीखने की क्षमता, भाषा और निर्णय को **प्रभावित करता है।**
    - हालाँकि इससे **चेतना प्रभावित नहीं होती है।**

## UPSC सिविल सेवा परीक्षा विगत वर्ष के प्रश्न (PYQ)

**प्रश्न. भारत में इस्पात उद्योग द्वारा छोड़े गए कुछ महत्त्वपूर्ण प्रदूषक निम्नलिखित में से कौन से हैं? (2014)**

1. सल्फर के ऑक्साइड
2. नाइट्रोजन के ऑक्साइड
3. कार्बन मोनोऑक्साइड
4. कार्बन डाइऑक्साइड

**नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:**

(A) केवल 1, 3 और 4
(B) केवल 2 और 3
(C) केवल 1 और 4
(D) 1, 2, 3 और 4

**उत्तर: (D)**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/night-light-pollution-linked-to-alzheimer-s-risk